दीवानी विनोद

दो ब्यानों का हाल
कुमाऊनी कविता में

लेखक :
स्व० ठा० दीवान सिंह स्योंत्री विष्ट

अवैतनिक सम्पादक :—नरसिंह हीत बिष्ट

सहायक सम्पादक सशोधक :
चिन्तामणि पालीवाल

सर्वाधिकार नरसिंह हीत विष्ट जी के आधीन

प्रकाशन विभाग :
कुमाऊनी साहित्य मण्डल
बाजार सीताराम चौरासी घन्टा, दिल्ली-६

तुर्थ म

१९७५ तृतीय संशोधित संस्करण

10.00

भूमिका

प्रस्तुत पुस्तक 'दीवानी विनोद' का तृतीय संस्करण बड़ी सावधानी से सशोधित करके प्रकाशित किया जा रहा है। इससे पहले के प्रथम व द्वितीय सस्करण में कुछ चीजें दीवान सिह की लिखी हुई रह गई थी जैसे कई पद गीत तथा उनकी जीवनी व श्रद्धांजली आदि इस संस्करण में जो भी गीत व सम्वाद जैसे मर्द का घरवाली को समझाना व घरवाली की मुंहजोरी करके उत्तर देना। मर्द का भाई बिरादरों को बुलाना और दूसरी शादी के लिए आग्रह करना व भाई बिरादरों का उत्तर देना और अपने आप अकेले कन्या खोजने को जाना और लड़की के बाप का कुशल बात पूछना व कन्यार्थी की बात चीत तय करके सभी शर्तों को मंजूर करके बारात को ले जाना आदि सभी सम्वादों का आशय हिन्दी गद्य में दिया गया है। इनकी कवि की कलाकृति बड़ी मार्मिक है।

उपरोक्त पुस्तक आज से ६० साल पहले की लिखी हुई है जब कि पर्वतीय लोग १०% पढ़ लिखे और स्त्रियाँ ५% साक्षर थीं। बड़े-बड़े घरानों की लड़कियां अनपढ़ ही थे। उस जमाने के चौधरी सयाणे थोकदार लोग भी अनपढ़ से ही थे। जो बड़े घराने के लोग कहलाते थे उस जमाने के लोग सर्दियों में तराई भाबर में जाकर काम करते थे और चैत में पहाड़ों में आया करते थे। प्रस्तुत पुस्तक में उस जमाने का वातावरण व रीति रिवाज लिखे हुए हैं। इस प्रकार यह पुस्तक इस जमाने की रसिकता को लिए हुए है। वह रस अब भी नया ही प्रतीत होता है इसीलिए इसकी अब भी बड़ी माँग है पुराने-पुराने लोग अब भी इसको ज्यादा मांगते हैं. जिन्होंने इन गीतो कविताओं को स्व० दीवान सिह जी से सुना है। त्रुटियों के लिए क्षमा प्रार्थी —

[प्रकाशक

ठा० दीवानसिंह जी का संक्षिप्त जीवन परिचय

स्व० ठा० दीवानसिंह जी स्योंत्री बिष्ट ग्राम कुन्हील पल्ला नया जि० अल्मोड़ा के रहने वाले थे। इनका जन्म सन १८८७ या ८८ के लगभग समझा जाता है क्योंकि उनका निधन सन १९५२ में हुआ था उस समय यह लगभग ६५ वर्ष के थे। उन्होंने वैसे तो और भी कई चीजें लिखी लेकिन यह रचना उनकी प्रख्यात हो चुकी थी। उन्होंने इनको ताल सुर लय के साँथ हारमोनियम बाजे में गाकर सुनाया था।

ठा० दीवान सिंह जी अपने समय में एक प्रसिद्ध गायक तथा संगीतकार थे और रामलीलाओं के संचालक (डारेक्टर) थे। रामायण का उन्हें पूर्ण ज्ञान था और रामायण से बड़ा प्रेम था। बाजा तबला भी खुद ही बजाया करते थे। वह पाली पछाऊ भर में रामलीला के पहले ही आयोजक थे। सबसे पहले सन १९२० के लगभग उन्होंने ग्राम कमराड़ वला नया अल्मोड़ा में रामलीला की उसके बाद वह प्रसिद्ध डारेक्टर हो गए कमराड़ में भी कई बार रामलीला की और पाली पछाऊ में कई जगह नए लड़कों को शिक्षा देकर रामलीला की। वह अधिकतर लंकाधीश रावण का पार्ट अदा करते थे। रावण की पोशाक उनकी अपनी थी जो कि मरणान्त तक अलग रखी हुई थी।

रामलीला खेलते खेलते उनका ध्यान अपनी मातृ-भाषा कुमाऊनी पर गया। तब उन्होंने कई कुमाऊनी गीत पद लिखे। उसके बाद उन्होंने यह दो शादियों का हाल लिखा इसका नाम उन्होंने 'दीवानी विनोद' रखा। यह नाम भी इसीलिए रक्खा कि उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की रामायण की तरह अपने ही मनाविनोद के लिए लिखा है। जैसे गास्वामी जी ने कहा है कि :—

स्वान्त सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा।
भाषा निबन्ध मति मंजुल मातनोती ॥

इसी प्रकार दीवान सिंह जी ने भी यह लिख कर कई लोगों को बांट दी पर छपाई नहीं। अन्त में जब कई लोगों ने आग्रह किया कि यह छपना चाहिए तब उन्होंने छपने की स्वीकृती दी। उस समय सबसे पहले चिन्तामणि पालीवाल ने उनसे कहा आप मुझे छापने के लिए दीजिए मैं आपकी कृति को प्रकाशित करूंगा। उन्होंने पालीवाल जी को दे दी। जब कई दिन हो गए उनसे नहीं छपाई गई तो कमल सिंह बसनाल जी ने कहा आप मुझे दिलाओ मैं छपाऊंगा उन्होंने बसनाल जी को दिला दी उनसे भी कई दिन तक नहीं छप सकी तो नरसिंह हीत बिष्ट जी ने आग्रह किया तो उनको भी दिला दी। जब हीत बिष्ट जी से भी न छप सकी तो इस प्रकार लगभग एक साल का समय गुजर गया तब उन्होंने एक पत्र लिखा जो कि बड़ा रोमांचिक था।

दीवान सिंह जी का पत्र

सिद्ध श्री सर्वोपमा योग्य सकल गुणा विधान। विजमान श्रीमान चिन्तामणि पालीबाल, कमल सिंह बसनाल बिष्ट, व नरसिंह हीत बिष्ट जी, अत्र कुशलम् च तत्रास्तु। यथा योग्य सेवा। तुमने बड़े हौसले से किताब छपवाने को मंगाई थी। एक शेर कमराड़ से गर्जा एक बेल्टी से गर्जा था और एक शेर कुंमरा से गर्जा था तुम सब के सब स्यार निकले। तुम दिल्ली के चिड़ी मारों से किताब नहीं छपती बिना नीर के नदी नहीं और बिना ज्ञान के जोगी नहीं होता तथा बिना नीति के राजा नहीं होता और बिना ज्ञान के पण्डित नहीं होता। कहीं हींग में भी कस्तूरी की खुशबू आ सकती है? ओ किताब वापिस भेजो मुझे किताब वहीं छपवानी।

इस प्रकार का उनका पत्र आने पर उन्हें सन्तोषजनक उत्तर देकर जब किताब छपने की योजना शुरू हुई थी तो उसी बीच में उनका देहावसान हो गया।

योग्यता व परिस्थतियां तथा श्रद्धांजली

श्री दीवानसिंह जी बड़े ज्ञानी जन थे। जहां उनको गीता व रामायण का गहरा ज्ञान था वहाँ लोक गीतों के भी रसिक थे तुकबन्दी में जोड़ा-जोड़ करना उनके लिए साधारण काम थे लेकिन बाजे तबले में भी लोक गीतों को गाया करते थे। पूजा पाठ में भी निपुण थे। इनकी दो शादियाँ भी थीं पर किताब इन्होंने बाल्मीकी रामायण की तरह दूसरी शादी होने से पहले ही लिख दी थी। बाद में दूसरी शादी होने पर जो लिखा और गाया था सो-सत्य प्रतीत हुआ। वैसे यह सम्पन्न घर के थे। एक समय उनका बड़ा अच्छा कारोबार था। दो औरतों के पास नथ, सुत, धागुल, मुन्हड़ा सब जेवर अपने भी कानों में सोने के (मुन्हड़े) कुण्डल (मुरकियाँ) और हाथों में (धागुल) कड़े थे। भावरी बैल लेंणी भैंस थी। लड़का भी अच्छा सयाणा हो गया था लेकिन एक समय ऐसा आया कि (सब दिन होत न एक समाना) इन्हीं के नजरों के सामने सब समाप्त हो गया, लड़का भी दोनों औरतें भी। बाद में ये अकेले ही रह गए। महाकवि रहीम की सी दशा हो गई। अन्त में यह अपनी अन्तिम दाह क्रिया और पिपलपानी तक का विधान अपने हाथ से बना गए। वह वृतान्त आगे पद्य में दिया गया है। ऐसे युग पुरुष को हम कुमाऊनी साहित्य मण्डल के सभी सदस्य अपनी भाव भरी श्रद्धाँजली अर्पित करते हैं।

अवैतनिक सम्पादक :—
नरसिंह हीत बिष्ट
ग्राम डुंगरा पट्टी पल्ला नया
जिला अल्मोड़ा (उ० प्र०)

नारी क्या है

नारी के विषय में हमारे पूर्व विद्वानों ने बहुत कुछ कहा है। यह भी कहा है कि नारी की महिमा का वर्णन नहीं हो सकता। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि :—

विधिहु न नारि हृदय गति जानी।
कोटि कुटिल अंघ अवगुण खानी॥

फिर वहीं पर कहा है :—

कहा न अबला प्रबल कर। कहा न सिन्धु समाय॥
कहा न पावक में जरे। काल कहे नहिं खाय॥
यद्यपि नीति निपुण नरनाहू।
नारि चरित गाविधि अवगाहू।

हमारे शास्त्रकारों ने कहा है :—

यत्र नार्यास्तेय पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।

और विद्वानों ने कहा है कि :—

नारी नारी ना कहिये नारी है नर को खान।
नारी से ही नर पैदा भये, ध्रुव प्रहलाद समान॥
जन्म कारण जननी भई, प्यार कारण बालिका।
भोग कारण पत्नी भई, अन्त कारणा कालिका॥

इसके उत्तर में दूसरे लोगों ने कहा है :—

नारी नारी क्या कहै नारी नरक की खान।
मन लेवै मुस्काय के तन ले सीना तान॥
मोह जाल में फांस के, ले वै तन मन प्रान।
बड़े बड़ों का खो दिया, बुद्धि विवेक विज्ञान।

इसी प्रकार ठा० दीवान सिंह ने भी कहा है :—

दोहाः—कुलटाओं के चरित्र को, सबहि कहुँ समझाय।
मछली रूपी मर्द को, पकड़े जाल बिछाय॥

गानाः—औरत को ईश्वर ने बनाया, जग बढ़ाने के लिये।
शूर से अरु कूर तक, बस में इनके आ गये॥
मोह रूपी यंत्र इनके, जग डुबाने के लिये।
युवतियों का धर्म था, जो हरेक युवती के लिये॥
औरतें तैयार खड़ी हैं, सत्त उड़ाने के लिये।
हाथ में तलवार इनके है, जग कटाने के लिये॥

दोहाः—औरत बनी दुःचारिणी, सीमा तक पहुँचाय।
अपने पास बुलाय के पति रहे समझाय॥

एक सन्देश

दिवान सिंहैं चिट्ठी जब चुभि गे मनम।
सबु पैली छपौ तब बावन सनम॥
उम्मेदसिंह मनुराल रूपवाणी प्रेस।
देहली दरिया गंज करि गोय पेस॥
नर सिंह हीत विष्ट हया प्रकाशक।
आफी संशोधक हया आफी प्रकाशक॥
छपि गे किताब तब सब खुशि हया।
लेकिन दीवान सिंह स्वरग न्है गया॥
दुसरौ संस्करण छपौ साहित्य मण्डला।
तिरशट सनम छपौ बनाया बण्डला॥
तब कौ छपीया जब खतम है रौय।
जनता की मांग पर फिर छपि गोय॥

(पति पत्नी से)

जब औरत मनमानी करने लगती है और पति के विपरीत चलने लगती है तो पति अपनी पत्नि को समझाता है कि देख हम इज्जतदार आदमी हैं। हमारे घर पर चार भले आदमी जब आते हैं तो उनके सामने तू इज्जत से नहीं बोलती है भले आदमियों के सामने अदब से रहना चाहिए, ज्यादा कुछ बोलना नही चाहिये। अब मैं तुझे अकेले में समझा रहा हूं। तू रोज नये नित्य शृंगार करती है। कहीं मेले या तमासे में जाती है तो चौथे पाँचवे दिन घर आती है यह औरतों के लिए उचित नहीं है। यदि मैं कुछ कहता हूँ तो तू ऐसा बोलती है मानो काटने को दौड़ती है।

मैंने लाख तुझे समझाया पर तेरी समझ में नहीं आता है। देख परसों जो पं० जी हमारे यहां आये थे उन्होंने नारी धर्म के विषय में जो कुछ कहा था उस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि स्त्री पुरुष की अर्धांगिनी होती है। आधा अंग स्त्री अंग पुरुष होता है तब पूरा अंग बन कर सुख प्राप्त होता है। उन्होंने कहा था हमारे भारतवर्ष में एक से एक उच्च कोटि की नारियां पैदा हुई हैं जैसे :— माता सती सीता सावित्री, पार्वती सती सुलोचना, द्रोपदी, दमयन्ती जिनके नाम अब तक अमर हैं और जब तक धरती और आकाश रहेगा और सूर्य तथा चाँद गंगा जमना रहेंगी तब तक अमर रहेगा।

पति पत्नी से कहता है कि देख हमारा सम्पन्न घर है चार भाई बिरादर हमारी इज्जत करते हैं। अन-धन, जर-जेवर कपड़े ओढ़ना-बिछौना की कमी नहीं। इच्छा मुताबिक खावो पहनो लेकिन समय पर काम को जाना समय पर घर आना, मीठा मधुर बोलना चाहिए। जब तू झुंझलाकर तुच्छ बचन बोलने लगती है तो मर्द का स्वभाव है मुझे गुस्सा आ जाता है और मेरा हाथ चलने लगता है ऐसा नहीं

मर्द औरत से

सुण मेरी बातों कणि, मेरी घर वाली।
भ्यारा का भलें लै भाणी कब तक खाली॥
नना टुला मेंस सबा, म्यरा घरा आनी।
उनरा बीचमा म्यरौ, मुल्याजा निखानी॥
म्यसौ मांङ्गौ छोड़ि हैछा, द्वि बरसा बटी।
रोजै तू कपड़ा ध्वोछै, रोजै कैछै लटी॥
कौतिक लै जैछै जबा, पछां दिना ऐछै।
जरा लै बुलाय मैंलै, बुकैं जसौ खेंछै।
कतु समजैछै मैंलै, ते नि आनौ ज्ञाना।
पोरु जो पण्डित कोंछी उमें धरा ध्याना॥
आधु अंग मरदौ कौं, आधु हैंछा नारी।
जबा हौचा पूरौ अंग, तब सुख भारी॥
महारानी दमयन्ती, सुलोचना छिया।
उनुलै दुनिया मजी, नाम धरी दिया॥
मनक कपड़ पैरी, खैंचै दाल भात।
दोपहरी बणां जैंछैं, ऐंछै आधी रात॥
मैंकड़ी जै गुस्सा आलौ, चली जालौ हात।
गुस्सै की भरिया हैंचा, मरदै की जात॥

औरत मर्द से

पति जब शाम दाम दण्ड भेद की नीति से औरत को समझाता है तो औरत और गुस्से में आकर क्या जोश में कहती है कि

किस प्रकार मुझे कुत्ते की तरह धमका रहा है। मैं अच्छी खानदान की लड़की हूँ तब चुप रहती हूँ। जब कोई ज्यादा बोलता है तो बोलना ही पड़ता है कोई कमजात औरत होती तो अब तक चली जाती। इस प्रकार धमकाने से मैं तेरे बस में नहीं आ सकती हूँ। ज्ञान ध्यान मुझे क्या बताएगा मैं सब जानती हूँ। बोलने चालने में तू मुझ पर दोष लगाता है मैं तुझे क्या समझूं?

जो मेरे मन में आएगी मैं वही करूंगी तेरे धमकाने से नहीं डरूंगी मुझे तिल भर भी किसी का डर नहीं है जो तेरे मन में आए सो तू कर ले।

पद्य

कस धम काख मैछै, कुकुरै की चारा।
जैसी कैसी सैखी हनी, लागी जानी धारा ।।
हेसिका निआनु अबा, मैं त्यरा बसमा।
हिटखौ कौ साखौं लांछै, तू क्यकौ खसमा ।।
ज्ञान ध्यान क्य सुणालै, मैं जाणनू सबा।
त्यर गुसै देखि लिया, चुपै रौय तबा ।।
शरमें की चेली छौं मैं, तब चुपै रौय।
जबा जैलै बुलै मांगो, चुपाश्रों क्य हय ।।
जसी म्यरा मना आली, मैं वसै करूला।
त्यरा धमकंणा देखी, किलैकी डरूला ।।
म्यकणि निहाती कैकी, तिला भरी डरा।
तेकणि वै रिखा चकी, जे करछै करा ।।

मर्द अपने भाई बिरादरों से

औरत की इस प्रकार की बातें सुनकर मर्द गुस्से में आकर भाई बिरादरों से कहता है : देखो जी कका, ददा. बड़ बौज्यू, दाज्यू देखो यह किस प्रकार बदतमीजी से बोल रही है यह मर भी नहीं सकती आफत हो गई है।

अब मेरी फिकर सुनो कहीं मेरे दूसरे ब्याह का बन्दोबस्त करो। कही अच्छी लड़की मिल जाए तो चाहे जितने रुपये लग जायें। दो दिन की जिन्दगी है इस प्रकार दुख में कैसे जिन्दगी व्यतीत करूं ? इस औरत के बारे में किस-किस बैर बांधू जिन्दगी रही तो ब्याह जरूर करूंगा मर गया तो खैर। सारे गांव के भले आदमी मेरा क्या बिगाड़ रहे थे। इस छोटी जात की औरत ने मुझे कैसा दुख दे दिया है मुझको अब ब्याह जरूर करना पड़ेगा।

पद्य

कका ददा सुणौ भागी, य राना का हाला।
मरी नि सकनी राना, हरै गोछा काला॥
कका ददा सुणौ तुम, य मेरी फिकरा।
कथैं बटि करौ म्यरौ, सैणी की जिगरा॥
भली बाना मिलि जानी, जतु रुपैं खना।
द्वि दिना बचणों छिया, फिर जै क्य अना॥
ह्याका लिमतरा कौनूं, कै कै सांथा बैरा।
बची जौला ब्या करूला, मरी गोंय खैरा॥
सारै गोंका भल मैंसा, म्यरौ क्य निछिया।
छोटि जात तिरियै लै, कसौ दुख दिया॥

भाई बिरादरों का समझाना

भाई बिरादर कका ददा कहते हैं भाई दूसरी शादी का नाम मत लो। दो ब्याह वालों के हाल खराब हो जाते हैं। दुनिया में उनकी इज्जत नही रहती। कई लोगों ने दूसरी शादी की उन सबके हाल खराब हुए इसलिए तू दूसरी शादी मत कर।

दो०-दोव्या-दोव्या मत कहिये दो व्याह दुख की खान।
दो व्याह से ही हो गए, नृप दशरथ हैरान॥

तेरा तो बड़ा अच्छा कारोबार हो रहा है। दुशमन के यहां भी दो औरतें न हों। दुःख सुख तो अपनी तकदीर का है। किसी को जब ईश्वर ने कर्मों के अनुसार दुःख ही देना है तो सुख कैसे मिल सकता है। बड़े-बड़े घरानों में भी ऐसी औरत होती है क्या किया जाय भाग्य साथ ही रहता है चाहे दूसरी शादी करो या तीसरी।

दोहा-चार चतुर मृग चार खग चार फूल फल चार।
भ्राता पूर्व पुन्य बिन, मिलै न सुन्दर नार॥

भाई अगर हमारा बिरादर है तो हमारी बात मान दूसरी शादी का नाम मत ले दूरसरी शादी करेगा तो हैरान हो जायेगा तेरे सिर में उल्लू बैठ गया है। तेरी बुद्धि भ्रष्ट होकर नदी में बह गई है। दूसरी शादी करेगा तो फिर तू रोयेगा। जिस बखत दोनों औरतें लड़ेंगी तो तेरी (चूव) चोटी पकड़कर खेंचेंगीं तब तुझको हमारी बात याद आएगी। फिर तू कहेगा में मर जाता ता अच्छा होता। ठा० दीवान सिह जी ने ये सब आखों देखे हाल लिखे हैं।

पद्य

सुणी ले तू बातू कणि, दि व्याऊ का हाला।
दिया व्याऊ जैंका हैंला, वका हया काला॥

दिया ब्याऊ वैक हैंला बिगड़िया दाना ।
निरोंनौ भरमा वैकौ, निर हौनों माना ।।
कतूकूलै ब्याऊ कग, कुटम जंजाला ।
द्वि ब्याऊ का नश वाला है गई बेहाला ।।
त्यरौता है रौछा भागी, भलौ कारोबारा ।
शतुरोंका घर हैजो, द्वि सैरएयों को मारा ।।
जैकणि ईश्वर दिला, कग्मौ कौ दुख ।
तैकणी किलैका मिलौ, तिरियकौ सुख ।।
निदेखनी खानादाना, पति की इज्जता ।
ठुला घरा बिगै दीछा, सतियों कौ सता ।।
छैं हमरौ बिरादरा, हामरौ कैं माना ।।
दूसरौ जै ब्या करलै, पै हलै हैराना ।।
मुनौवा मा उल्लू बासौ, मती न्हैगे गाड़ा ।
दूसरौ ब्या करलै ता, पै मारलै डाड़ा ।।
द्वियै सैणी बौई जैंला, पगड़िला चुवा ।
क्यलैका फुकछै भागी पलका ढेपुवा ।।
पैजै कलै कथां जानूं, हरै गोछा काला ।
दिवान सिंहा सुणि लियो, द्वी ब्यानों हाला ।।

मर्द अपने बिरादरों से

कहता है :—(कका) चाचा जी जो आप कह रहे हो वह है तो ठीक इस बात को मैं भी समझता हूं पर इस औरत ने मेरे दिल में दरार कर दिए हैं जो गुण औरतों में होते हैं वह गुण इसमें एक भी नहीं हैं जब दूसरी शादी करूंगा तब यह रास्ते पर आएगी ।

कल सवेरे तुम में से एक आदमी मेरे साथ चलो और मेरी शादी की चर्चा चलाओ। ऐसे अवसर पर ही भाई बिरादरों की पहचान है।

दोहा-तुलसी तीन प्रकार से, हित अनहित पहचान।
पर बस पड़े पड़ौस बस, पड़े मामला आन॥

*

मैं देखी छनी छिया, हिंतेंनी फरका।
हेकी बाता सुणी मेरी छाती में दरका॥
सौ गुणा सैणी मां हौनी, एमें निछा एक।
दुसरौ ब्या करुला ता, उतरली सेका॥
मोवा राती परा हिटौ, तुमु एक भणा।
स्वरा बिरादरों की छा, दुखै में पछ्याणा॥

बिरादरों का उत्तर

भाई बिरादर कहते हैं भाई हम तो तेरे साथ बान खोजने को नहां नहीं आते क्योंकि तेरी औरत वैसे ही रास्ते चलते में गाली देती है। हम तो अपने पाले पोसे हुए बच्चों को नहीं कटाते। हां तेरी औरत शरीफ और सीधी होती तो हम क्यों नहीं आते कहीं न कहीं से तेरी शादी का बन्दोबस्त कर देते।

दुनिया में हमने आज तक ऐसी औरत नही देखी।

*

कका ददा मब कौनी, हम ता निआना।
सैंतिया पाईया हम, नना नि कटाना॥
बटा हिटणम दिछा, तेरी सैणी गाई।
दुनियां में कवे निदेखो, हेसी अरघ्याई॥

तेरी सैणी भली हेंनी, क्यलकि निआना।
दशा जगा फेरी बटो, बाना खोजी ल्याना॥

*

दूसरा ब्याह खोजने को अकेले जाना

जब भाई बिरादर चाचा दादा कोई नहीं आता है तो मिजाई और पाजामा पहन इहकरी टोपी ओढ़ और कन्धे में दुपट्टे डाल हाथ में लाठी लेकर अकेले ही बान खोजने को चल दिया। जाते-जाते कई गांवों में जा पहुंचा। एक गांव में किसी के घर पर बैठ गया। घर वालों ने पूछा आपने कहाँ जाना है अब रात हो गई है। तब वह कहता है मैं कन्यार्थी हूं। मैंने कल से कई गाँव देख लिये हैं। क्या इस गाँव में किसी की लड़की ब्याहने योग्य है तो बताओ। घर वाले कहते हैं आप कहाँ के रहने वाले हैं? आपका क्या नाम है क्या कारोबार है? लड़कियाँ तो कई हैं एक लड़की हमारी ही हैं और एक हमारे चाचा जी की है। एक (तलबाखई) नीचे वाले मौहल्ले में भागीरथ कीं है। तुम कैसी शादी करते हो? तुम्हारे घर में शादी है या नहीं? तब वह कहता है झूठ तो मैं कैसे कहूँ घर में मेरी शादी तो है पर कुछ भी काम की नहीं है। तब लड़की वाले कहते हैं हम अपनी लड़की को सौत में नहीं देते! जिसके घर पर जाता है वहीं ऐसा कहते हैं। हम अपनी लड़की का (अकलाकंठ) बद्दुआयें नहीं लेते। इस प्रकार दस बारह दिन हो गये हैं कई गांव दूढ़ लिये हैं कोई लड़की नहीं मिली।

अकेले जाना

कनमा पिछोड़ी धरी, हाता पारा लट्ठा।
दघड़िया क्वे निमिलौ आफी लागौ बट्टा॥
जैका घरा कणि जांछा, पुछी लीनी बाता।
कतीका जाणया तुमु, पड़ी गेछा राता॥

साँगे गों परखो मंलै, फेरौछा बेलिया ।
तुमरा गों केका हैं, जवाना चेलिया ॥

गांव का एक व्यक्ति

एक नानी हामरी छा, एक छा ककको ।
जवाना हे ेछा एका, तिराई भगै की ॥
कब आछा घर बटी, कती कौछा कामा ।
कां तुमरौ घरा हलौ, क्या तुमरौ नामा ॥
घर कखी ब्या तुमरौ, छैं कि निहांतिना ।
पछिना बिगड़ी जानी, चेहणी का दिना ॥

कन्यार्थी

निहांतिना कसी कुनूं, सीपा नैं सहूरा ।
घरा जै कुशवा हनी, क्यलै आनौ दूरा ॥

*

मौता बाता क्या लगानू, सौतमा निदिना ।
चेालको अकला कंठा, हमता निलिना ॥
कौस अना घना त्यरौ, रुपयों की ढेरा ।
क्यलैका सौतमा घुला, देखी सुणी बेरा ॥
तीना चारा दिना हैगीं के निमिली वाना ।
दसा बारा गांऊ फेरा, मैं हय हैराना ।

*

अब एक लड़की मिली

बहुत हैरान होने के बाद तब एक लड़की मिली जिसका मुख तो डलिया जैसा है और होंठ बड़े मोटे पैर खम्बे जैसे यानि ऐसी बदसूरत है। उस लड़की के बाप ने कुछ मन्जूरी सी दी तो रात उसके घर में डेरा कर दूसरे तीसरे दिन लड़की के बारे में बातचीत चली।

तब लड़की का पिता कहता है सौत भी तुम बता ही रहे हो उम्र भी तुम्हारी (सयाणी) पक्की है, क्या बात है ऐसी छोटी लड़की क्यों ढूंढ़ते हो? कोई अपनी बराबर की लड़की ढूंढ़ते। मेरी लड़की से टीका करने वाले तो कई आये पर मेरी बात कहीं नहीं बनी लेकिन तुमने तो आज तीन दिन से घरना ही दे दिया है।

×

तब मिलि एक बाना, थुमि जसा खुटा ॥
मुखड़ौ छुत्यागै जसौ, बकवा छैं ऊठा ॥
वकै घरा ड्यरौ करौ, पड़ि रौय गता।
तिसरा दिनमा पुछी, बेहुली की बाता ॥
सौना लकि बतां मछा, उमरा सयाणी।
क्यलकि खोजण मछा, बेहुली अयाणी ॥
माङ्गणिया भौत ऐगीं, मेरी कैं निठरी।
तुलै ड्यरा बादी रौछा, तीन दिना भरी ॥

सारांस

अब मैं लड़की तुम्हें दे ही देता हूँ। सौत तुमने बता ही दी है। अपने अपने भाग का खाना है। कितने कन्यार्थी मेरी झुपुली के

आए पर आज मेरा दिल तुम्हारी ओर न जाने क्यों झुक गया है। मैंने लड़की तुम्हें देदी। तब कन्यार्थी कहता है अच्छा फिर अब एक बात बता दीजिये कि खर्चा क्या लगेगा। अब तो मैंने दुल्हन जरूर ही ले जानी है। तब कन्या का बाप कहता है।

कन्या का बाप

अच्छा भवा देई द्युला, त्वीलै निरभाणौ।
सौता तुलै बतै हैछा, करमौ कौ खाणौ॥
माङ्गखियां कतु ऐगीं, मेरी झुपुलिका।
तुमरी बखता आजा, क्यलै लागी हिका॥



मैंलैता बेहुलो आब, जरूरै लिजाणी।
एक बात सुणै दियो जो रुपया खाणी॥

सारांश

खर्चा क्या लगेगा तुम जानते ही हो जो भी रीति रिवाज है। (सोलह बीसी) ३२० रु० खर्चा तो यहां देना ही पड़ेगा। बाकी जेवर भी सभी तुम्हें लाने पड़ेंगे फिर लड़की की मां को भी खुश करना ही पड़ेगा फिर लड़की की बहनें भाई बिरादरों को, गांव का प्रधान है उसे भी खुश करना पड़ता है। उसका दस्तूर होता है जो भी खर्च होता है रीति रिवाज में ब्राह्मण हमारे पुरोहित जो है हमारे सभी काम उन्हीं से होते हैं। देवता भी वही नचाते हैं। दुःख बीमारी में दवाई भी देते हैं हर प्रकार का कष्ट हमारे लिए सहन करते हैं। मेरी लड़की का ब्याह जब आज हो रहा है तो उन्हें और कब मिलेगा उनकी दक्षिणा भी अच्छी देनी पड़ेगी।

+

कन्या का बाप

सोला बिसी मैंलै खाणो, सौत सवै बाकी ।
अस्सी कौ जिवर ल्युला, खुशी रैंगे बांकी ॥
चेलिया बेटिया भौतै, भयाती लै द्यला ।
ड्यानी छा मौटौकौ और, बट घटा ठेला ॥
एक रुपैं पधानौ कौ, चेलि ब्यहै बेरा ।
मंगल्यारी बैठी रैंनी, ख्वरौ ब्यापी बेरा ॥
बामणा ज्यू भला मैंसा, खुशी बणै जाणौं ।
चेली मैंलै आज ब्यहै, वैलै कबा पाणौं ॥
देवता लै ऊँ नाचनी, दवाई लै दिनी ।
हर कामा काजा म्यरा, उयीं निरभानी ॥

कन्यार्थी

कन्यार्थी कहता है सब ठीक है जो तुम कह रहे हो वह सब कुछ मुझे मन्जूर है। अब ब्राह्मण का घर कितनी दूर है जरा जन्म पत्री बनवाकर ग्रह-साम्य करा लूंगा इससे रीति रिवाज के मुताबिक शंका मिट जायेगी।

जो बाता तुमुलै कैछा, सबा मन जूरा ।
बामणों कौ घर हालों, यांबै कतु दूरा ॥
एका घड़ी मैं जैयानूं, कुनई लियानूं ।
जुड़ाई सुजाई बेरा, बहिमा मिटानूं ॥

सारांस

कन्या का बाप कहता है क्या करोगे जन्म-पत्री से ब्राह्मण क्या जानते हैं ग्रहनों की बात ? हमने देखा है बड़े-बड़े ज्योतिष ब्राह्मणों के

घर में लड़कियां विधवा पड़ी हैं ऐसे विद्वान होते तो अपनी लड़कियों के ग्रह ठीक जुड़ाते। तुम ग्रहों की शंका मत करो सगुन विचार कर लो। यह लड़की मेरी ऐसी शुभ घड़ी नक्षत्र में पैदा हुई है कि इसके पैदा होने के बाद मुझे अच्छे दिन मिले हैं। मेरी सन्तान इससे पीछे अच्छी हुई। इसकी सूरत ही रसीली है और काम धन्धे में भी निपाण है मां तो इसकी सीधी-साधी है। पर यह लड़की बड़ी हुस्यार है जेठ १० पैट से बीसवां वर्ष इसको लगा है।

कन्या का बाप

कुनई लै क्य कर्छा, बड़िछा जसीली।
आफी देखी जैंछ वीकी, मुखड़ी रसिली॥
तुम्रु क्यलै कर्छा मछा, इननौं खरशा।
जेठा दशा पैटा बटी, बीसू वां बरशा॥
बामणा क्ये नि ज्याड़ना, ग्रहौनौ की बाता।
ग्रहौनौ को रखौ निछा, बामणों का हाता॥
बामणों को ग्रहौ देखी, के कौणी निशानी।
पैसे की दछिणा मजि, दिन गवै जानी॥
बामणों का घरा देखौ, विधवों कौ टानों।
सगुनों विचारी लिणौ, जैंमें मन मानों॥
इनिका हइया बटी, मैंलै पाई दिना।
औलादा लै ठैरी मेरी, इनिका पछिना।
सता सिंपै येसी छा य, क्य बतानूं बाता।
कामका लिंज्रिया नानी, निदेखनी राता॥
मां इनिको सिदी शादी, यो बड़ी हुस्यारा।
मौतै बाता क्य लगानूं, आपणोंछा न्यारा॥

जवाई

कन्यार्थी अब जवाई बन गया है। तब कहता है बस बस ससुर जी बहुत क्या कहना है जो तुमने कह दिया सो ठीक है। बाकी जहां तक सौत की बात है उसको तो मैं हाथ पकड़कर निकाल दूंगा अगर उसने कुछ कहा तो क्योंकि उसके न तो बाल-बच्चे होते न वह कुछ सकल सूरत की ही है। मेरा उससे दिल ही हट गया है। उसने मुझे बड़ा हैरान कर दिया है। तुम ये लो रुपये दुल्हन के कपड़े मंगवाओ, डोली वाले बुलावो बारात बिदा करावो।

कन्यार्थी

है गोय है गोय सौरज्यू क्य कणौछा भौता।
हाथा थामी निकाउला, जो रिसाली सौता॥
न ऊनिका नना तिना, न ऊ भलि बाना।
उनिलै ता करि दिया, मैं बड़ै हैराना॥
रुपया भितेरा धरौ, डनेरू बुलावो।
दुकान कतुक दूरा, कपड़ मंगावो॥

कन्या का बाप

ऐसी क्या जल्दी है दस दिन के बाद बारात ले आना। नगारा लाना है तो नगारा भी ले आओ अच्छी बारात लाओ।

बर्यातै कि रुचि छै ता, घरा कणि जावो।
दशा दिना जागी बटी, नांगरी लिआवो॥

कन्यार्थी

अजी बारात का क्या करना है सब ठीक है मेरा तो यह मजबूरी का ब्याह है कौन बराती आवेगा। जब मेरा खुशी का ब्याह था बड़ी

बरात हुई थी सब भाई बिरादर इष्ट मित्र बुलाए थे। तीन मन तो आलू लगे थे। ६ सेर मसाले आए थे। बाजे गाजे सब थे। अनाज सब घर का था। उस साल फसल भी अच्छी हुई थी। अब तो यही सब ठीक है। बारात बिदा करा दो।

बिपतौ कौ न्या छा म्यरौ, कोछा बरेतिया।
जैदिन जसीली न्याय, सब खवै दिया।
तीना मखा आलू लागा, नौ सेरा मसला॥
नाजै किलै भली हैचा, वी साल फसला।

सारांस

बारात बिदा होकर जब गांव के निकट आ गई तो गांव के बच्चे सब खेतों के किनारे खड़े होकर देख रहे थे लेकिन पहली घरवाली डलिया में सिर लुकाए गाली देती हुई किवाड़ बन्द करके चली जाती है। बच्चे कहते है आ गई बरात आ गई बरात। जिस घर में बरात आई है उस घर के किवाड़ बन्द हैं। तब वह कहता है हे भगवान कौन काम करे कौन तम्बाकू भरे। बिरादर कोई पास नहीं आते अब यह कैसी आफत आई। आप तो बेहुली को लिए अकेला ही आया लेकिन मैंती ३० आदमी आए हैं। अब क्या होगा पुरानी घर वाली तो गाली बकते-बकते सो गई हैं लेकिन इन मेहमानों की खिदमत कौम करे और गांव में (छकोड़ी) सौगाद कौन बांटे। यह ब्यावली लड़की क्या करे आज ही तो आई है किसी को जानती तक नहीं उसे रास्ता तक मालूम नहीं किधर पानी है किधर क्या है ?

बारात का आना

बर्याता ऐगेछा तैकी, गौका तला पना।
खेतु का तिराई बटी, देखि रया नना॥

ननां कनी आई गोंछा, बेहुली लीबेरा ।
घर की पुराणी सेगे, द्वार ढकी बेरा ॥
को घुछा तमाकू भ्यार, को करुछा कामा ।
य कसी आफत ऐगे, क्य कनू हे रामा ॥
को जांछा बाखई पना, कों खोलों डल्योणी ।
पैलिकी सवांसै सेगे, के कैंछा खयोंणी ॥

सारांश

मर्द पुरानी औरत को समझाकर कहता है तू क्यों नाराज हुई है तुझे किस ने क्या कहा है मेहमानों के बीच में रूठना ठीक नहीं मेरे तो घर पर बराती आये है और तेरी यह हालत है तुझे एक सी मति रही सारे जीवन भर मैंने ब्याह तेरे लिए ही तो किया है। अभी लड़की छोटी है जब बड़ी हो जाएगी तो तुझे आराम हो जाएगा। तू घर में खाना बनाने वाली रहेगी हम बाहर खेती का काम करेंगे। तूने घी का हड़बियागा (काठ का डब्बा) कहां रक्खा है ? तुझे तो खबर ही है इतनी बातें करते हुए हाथ बढ़ाना चाहता था वह काट खाने को आई तो बाहर को भाग कर आया पलट कर देखा भी नहीं। कहती है इस नीच औरत की (मुनई) सिर खायेगा जिससे प्यार कर रहा है। ये तो क्या कर पाएगी मैं दराती की धार से इसको चीर दूंगी। उसकी बातें सुनकर अब जहर चढ़ गया। मन कहता है खुकुरी निकालकर इसका सिर काट दूं पर अभी बेइज्जती हो जायेगी। ये तो निगुरी औरत है ऐसे ही रहने दो मेहमान आए हुए हैं।

उस नई बेहुली के मैत वाले कहते हैं जरा बैठ जाओ क्या जल्दी बाजी में लगे हो ! तुम्हारी पहली घरवाली कहां है हमने अभी तक नहीं देखी।

मर्द पुरानी औरत से

तु कि लैका रूमै रैछे, ते काले क्य कय ।
दस का बीचम भाजी, रिमाणी क्य हय ।
भ्यार ऐ गैं बरेतिया, त्यरा हों लछण ॥
बेक नसी मती रैगे, ऊंगा भछणा ।
त्यगै लिजि न्या करौछा, म्यर जै क्य छिया ।
कत कणी घरी रौछा, द्यों कौ हड़पिया ॥
मोवा पोरू ठुली हैली, ते आलों ऐरामा ।
तु रहली घरा कणी, हमा कुला कामा ॥
झपड़ो लैं हय जबा, दियैं झणा गया ।
ते छिया खबरा सबा, उनिका लै हया ॥
हाथा जैं थामुला कौंछी, बुकै जौसौ खाय ।
भ्यारा होंणी माजी आय, पछिना निचाय ॥
नौली की मुनई खालैं, जैं मानछै प्यारा ।
झो खयोंणी क्या रहली दातुलै की धारा ॥
मनमा जहर चड़ो, निकाऊ खुकुरी ।
दशु में हितक हली, ये रन्डा निगुरी ॥

मैती लोग

अब भिता बैठी जावो, मारा मार क्येकि ।
तुमरी घरै की मैणी, हमुलै नि देखी ॥

सारांस

अजी कल से पड़ी हुई है बुखार आया है नहीं तो अपने हाथ से सब कुछ कारबार करती थी तब लड़की के मैती लोग जो मेहमान आए हुए थे सब समाचार लडकी के बाप से कहते हैं देखा तूने लड़की के दिन बिगाड दिए हमने कहा था सौत में लड़की मत दे पर तूने हमारी बात नहीं मानी देख लड़की एक कौने में मुरझा कर पिंजरे के पंछी की तरह बैठी तेरी तरफ देख रही है ए तेरा सुधरा हुआ काम है। तब बाप कहता है मैं भी तो जब लड़की हमारे यहां आएगी तो फिर दो साल के बाद भेजूगा।

दोहा—कल से है घर में पड़ी, आता बड़ा बुखार है।
नहिं तो अपने हाथ से, पूरे करती कार॥

*

देखी रया हाला चाला, बेहुली का मैती।
तुलै क्यलै करी भागी, नानी की कुगती॥

*

सौत मजा न दे कौछी, हेलै कती मानी।
द्वाहारा का कुण पना, भुमि रैछा नानी॥
सिदि सादो नानी कणि, सौत मजा दिया।
चैहै रैछा ऊलू जसी, तेरी सपाड़िया॥

*

नानीं जबा आली आबा, भोवा पोरु मैता।
दै पुजौंला मैंलै किता, आधिना का चैता॥

सारांस

अब लड़की कुछ दिन बाद जवान हो गई है पहली घरवाली भी बुल्ते में ही है अब दोनों बराबरी की हो गयी है। अब उस आदमी की ज्यान को कांटे पैदा हो गए एक दिन साँझ से ही झगड़ा शुरू हो गया। (राम्रियों मान्रियों) वाली मलोज मार पीट मोघा खोची (घैलगा घैलग) सारी रातभर रह गई सारे गांव के लोग सो गये फिर उन्होंने (जानरी) चक्की चलाई अपनी २ रोटी बनाई खाई उसके लिए किसी ने रोटी नहीं बनाई। वह उनके झगड़े को देखता ही रह गया। कुछ समझ में नही आया नारियल के हुक्के में तमाकू पी रहा था फूटी नारियल थी उसका पानी चू-चू कर निकल गया और चिलम में आग बुझ गई हुक्का उसके हाथ में ही है उसको होश भी नही है कि हुक्का चिलम में आंच पानी तमाकू है या नहीं वह दोनों रात भर लड़ती रही सवेरा होते समय एक भीतर सो गई दूसरी (गोठ) नीछे वाली कोठरी में सो गई आप वह हल चलाने चला गया। दोपहर जब घर आया तो समझा था कि अब तो खाना बना होगा रात भर तो यह दोनों लड़ती रही हाथ पैर धोकर रसोई घर में गया तो देखा तो रोटी रखने की डलिया खाली पड़ी है इधर उधर देखा खाना कहीं नहीं है पुरानी औरत तो सोई थी देख ही ली अब दूसरी (नौली) नई औरत को देखने लगा इधर उधर देखा (छान) गोसाला में भी देख लिया कही नहीं है अब लोगों से पूछने लगा किसी ने मेरी (नौली) नई औरत देखी है कहाँ गई होगी तब एक औरत बोली अभी २ तो यहीं थी पार्वती से बोल रही थी गोठ में तो नहीं है। यह सुन कर गोठ को सीधा ही सहेज से गया नौली वही साई है तब कहता है कि तू साई क्यों है रोटी नहीं बनाई क्या।

दो सौतों का झगड़ा

नानी लै जवान हैगे, ए गोय जोमना।
मालकै की ज्याना हणी, बुती गया कना॥

झगड़ा की जड़ा जागी, सवासैं कै वेरा ।
आफी आफी द्वि तरफा, बनी रई शेरा ।
रानियो भानियो रैगे, सारी रात भरी ।।
धै लागा धै लागा हैगे, खणै को नि ठैरी ।
सारै गौंका सेई गया पै लागी जानरी ।
मुखड़ी देखियें जसी तैलुवा बानरी ।।
अब क्या करौणौ हय, बिगड़िया भागा ।
फुटिया नैरुआ मजा, मुझी गोछा आगा ।।
राती परा पकैं खया, आफी आफी रुवाटा ।
एक सेगे मला खना, एक सेगे ग्वठा ।।
बारा बजे काम करी, घरा कणी आय ।
मुख हाता धोई बटी, मला खना चाय ।।
ओर पोरा चायो मैंलै, खाली पै डल्योणी ।
पैलिकी रिसई रैछा, कथांगे खयोंणी ।।
कैलै मेरी नौली देखी, उना उभां जानी ।
ओंख्याड़ी कोंख्याड़ी चैहै, निहातिना छानी ।।

*

ऐलै लैकी बुलै रैछी, पारभती हौणी ।
कि लुकिगे ग्वठा पना, उसरै की दोंणी ।।

*

मुरुड़ मुरुड़ मोष, मला सना मठा ।
तु क्यसैका रिमै रैछै, ज्या मागी निरूटा ।

✿

बांछै तू नि जानै यावै, कै मांगछै न्यारा ।
इ दिना मानम चाहे, एलै कैदे न्यारा ।।
जै दिना म्यकणि न्याछै, कऽछिया कबूला ।
चुपै रयों तब बटी, आवा बिल कुला ।।

तब नौली कहती है जाता है या नहीं यहाँ से नहीं तो मैं तमासा दिखा दूंगी तेरी इज्जत बिगाड़ दूंगी यदि दो दिन जिन्दगी चाहता है तो अभी मुझे न्यारा कर दे।

जिस दिन मुझे लाया था उस दिन तेरा क्या इकरार था मुझसे तूने कहा था जैसा तू कहेगी वैसा ही करूंगा पुरानी औरत से मैं क्यों डरूंगा तुझसे बिना पूछे कोई काम नहीं करूंगा। मेरे पिता जी भले आदमी थे। उन्होंने भी इस बात का विचार नहीं करा कि सौत है उन्होंने तुझे लड़की दे दी अब मैं मोत वात नहीं जानती अब तू मुझे न्यारा कर दे मेरा हिस्सा दे दे।

नौली औरत

जस तु कालो कय, वसै मैं करूंला ।
घरै की पुराणी देखी, क्यलै की डरूला ।।
ते पुछी करूला कय, सब काम काज ।
दैली की पुराणी तेरी प्यारी हैगे आज ।।
म्यरा बाज्यू भला मैंसा, नि विचारी सौता ।
म्यरौ बांटौ धरी दे तू, निजाणनौ भौता ।।

अब वह दुखी होकर भाई बिरादरों से कहता है कका ददा जरा इधर आओ तम्बाकू पीयो इन दोनों का झगड़ा निबटा दो इनका हिसा न्यारा न्यारा करा दो।

कका ददा यथां आओ, तमाकू खै जाओ।
भितेरा का भना कुना, अलगा कै जाओ।

भाई बिरादर कहते हैं न्यारा न्यारा मत कहो न्यारा होने से बड़ा दुःख हो जायेगा। यह तुम्हारी बड़ी भूल है जो तुम न्यारा होने की बात सोच रहे हो।

दोहा—न्यारा न्यारा मत कहो, न्यारा दुख की मूल।
जो तुम न्यारे हो रहे, बड़ी तुम्हारी भूल॥

—※—

लेकिन नई घरवाली नहीं मानती। कहती है मुझसे कोई मत बोलो मैं बहुत दुःखी हूँ न्यारे हुए बगैर नहीं रहूँगी।

उसका सम्बन्ध कुछ ऐसे लोगों से हो गया है जिनका घर बार कुछ नहीं है रडुवे हैं वह इशारा करते हैं सुख चाहती है तो न्यारा हो जा नही तो बड़ा दुख पायेगी। उनके इशारों पर बहू कहती है ससुर जी तुम तो साथ रहने का नाम ही मत लो। मैं सब देख चुकी हूँ मेरा हिस्सा देते हो तो न्यारी रहूँगी नही तो चली जाऊगी।

न बुलावो क्वे म्यहोंणी, म्यहौणी न लागौ।
इनुलै पराणी पर, लगै हाछा आगौ॥

※ ※ ※ ※

भलो चैंछै न्यार हैजा, रहली मजमा।
तु किलैकी भूली रैछै, हितनी सजमा॥
लता लूण हम द्यूला, घागरी आंगैड़ी।
दघड़ै जै रैछैं जबा, रहली नांगड़ी॥
सौरज्यू न लियो तुम, दघड़ा का नामा॥

पुना पुना जर्गी गेयू, भाई गेछा फामा ।
बांटो दिशा न्यारा हुंनु, नतरा मैं जानुं ।
मकली मकला सबा, दषड़ा निखानुं ।

अलग अलग होने के प्रोग्राम

अब अलग अलग होने का प्रोग्राम बन गया है । सब चीजों के हिस्से बांटे होने लगे । भाई बिरादर कहते हैं तेरे मन में क्या है तूने हमारी बात नही मानी । अब तू किसके साथ रहेगा या तू भी अलग रहेगा । दोनों से पूछ लिया है कोई भी तुझे साथ में रखने को राजी नहीं है ।

* बिरादर कहते हैं *

तेरी क्या कुशल बाता, निमान नै आजी ।
त्यरो बांटो कथां घरूं, कथां छै तू राजी ॥
दियैं सौता पुछी हाला, कवे निकौनों होई ।
जमेंखी छालैंछै अबा कना हूना भोई ॥
एका नैंगे मल खना, एक ग्वठा पना ।
चाखा मजा धरी दिया, मालका का भना ॥
एकी लैं कामड़ थामा, एकिलै पिछोड़ी ।
पुराणी गुदेड़ी एका, म्यरा हाता पड़ी ॥
तीना झंटा कुटमाका अलगा छै न्यारा -
अपणां मनका हैगी खुद मुखत्यार ॥

अब सब हिस्से बांटे हो गये । एक औरत ने कम्बल ले लिया एक ने चादर ले ली पुरानी गुदड़ी उसको मिली । तीनों जने घर के अलग-अलग हो गये । पुरानी भीतर वाले कमरे में है और नई वाली (गोठ) नीचे वाले कमरे में है ।

सारांस

अब रोज नीचे वाले कमरे में उसके दोस्त रडुवे लोग बैठने को आ जाते हैं गाते हैं बजाते हैं। कोई साग सब्जी ले आते हैं कभी कोई रात को घर चले जाते कोई वहीं रहते हैं वहीं खाते हैं वहीं सोते हैं।

* नटुओं के हाल *

ब्यावा होंणी रोज रोजै नटुवा ऐ जानी।
कैभें घरा न है जानी कैभें ओती खानी॥
तवे लिपुछां ग्वठा कैणी कवे सोरुछा माटौ॥
कवे लियांछा ब्यावा होंणी पाई ंग को आठौ॥

* दो ब्याह वाले पति के हाल *

ये सब हाल नौली के देखकर अब उसके दिल में बड़ा दर्द होता है। अब वह कहता है इसको जरा भी शर्म नहीं रही। गुस्से में आकर एक हाथ पर (लोडा) बट्टा उठाया और दूसरे हाथ पर लट्ठ उठाकर (गोठ) उठाकर गोठ को जाता है। कहता है सबको मारकर खत्म कर देता हूँ। जब मारने को दौड़ता है तो भीतर के कमरे में से पुरानी घरवाली कहती है। क्या भूला हुआ है भालू की तरह झपटेगी और तेरे हाल खराब कर देगी देखा नहीं कैसी मोटी हो रही है।

* मर्द गुस्से में *

पतिका शरीरा परा लागि गोछा आगा।
क्यलैं की जलाण हय, अधरमी भागा॥
क्या करूं नु बंची बेरा मरौणों ऐ गोछा।
जरालैं की डरा नि है, यसौ क्या है गोछा॥
एक हाता ल्बड़ौ लिया एक हाठा लठा।
सबु मारी दिनं कौंछा लागि गोछा बटा॥
मोटै रैचे थ्वरौ छैसी, लागी रैछै खुदा।

मातो होंसी बटी रहे सुली गये सुदा ॥
बिलकसी मालु अभी, बिगाड़सी हाला ।
आज्ञा हैर्मा अभी तेरी, कथां गोछा काला ॥
स्वहोंसी फुलस लागे, मुनई का केशा ।
उन्साठी बरषा हेगी, साठों परवेशा ॥

✱

तेरे बाल सफेद हो गये है उनसठ साल पूरे होकर साठवां साल शुरू हो रहा है तुझे अभी तक अक्ल नही आई ऐसी बुद्धि तेरी पहले कहाँ गई थी जब दूसरी शादी करने को चला था ।

(बोठ) नीचे वाले कमरे में अब चार दिन खूब चहल पहल रही । कोई टेढ़ी टोपी वाला आता है कोई टेढ़ी टांकी (साफे) वाला आता है । कहते हैं अरे यहां कोई लड़का खड़ा है तो तबाकू भरवा दो जंरा होका देखा आयेगा गीतों का प्रोग्राम ठँरावो मैं हुड़का डमरु ले आता हूं ।

अब नटुवे लोग च्याखुड़ी म्याकुड़ी गीत गाते हैं । उस नोली औरत से कहते हैं कि तू फिकर मत कर हम लत्ता कपड़ा अपने आप लाते रहेंगे और मन के से बढ़िया कपड़े लायेंगे आदि आदि बड़ी बड़ी डींग मारते हैं ।

नई औरत के समाचार

चार दिना खुपै रहे हेकी झराफरा ।
चार दिन यथांउथां, दियै दिना घरा ॥
काकी टेढ़ी टोपी हली, काकी टेढ़ी टांकी ।
म्यरा लिमातरा हैरै, सारै गौं की आंखी ।
ऊ हमौरी सार्गो लानी जै संग पछयाण ।
जै दघड़ो हैछौ आवा, मुनौऊं की घांघा ॥

जसौ हलौ भुगतुला, गीतू कि ठरावो।
क्वे एपना नान छैता, तमाकू भरावो॥
तु कंना भुननी भांणी भटुकौ कुडुकौ।
ऐलैं बटी क्यलै सिंछैं मैं ल्यानू हुडुकौ॥
ऐलै बेरा फसलौं कौ क्य भलौ छा जोरा।
मनादै आंगड़ी न्योंला लटूलु की कोरा।
तेरी खेती मजा हैगो नमोडुवा तोरा।
गोरू भेंसा निजोड़णा, खालि होरा होरा।
सेतेंणी जै मना तेरी, मैंतिये तु कांठ।
कै दघड़ी बणां जाली, टोड़ि द्युला भाट॥
च्याखुड़ी म्याखुड़ी गानी, बचुली रफला।
खीर ल्यानी लापसी क्वे, दूद दै का ब्यला।

